# आया रंग रंगीला फागण | By Rishika Thakur

हो आया रंग रंगीला फागण मेरे सांवरिया सरकार का
रंग रंगीला लगे नज़ारा श्याम धणी दरबार का

श्याम नाम की धूम मची है मच रहा खूब धमाल है
खाटू की गलियों सड़को पे उड़ रहे रंग गुलाल है
सबके मन को भा रहा ये मेला अबकी बार का
हो आया रंग रंगीला फागण मेरे सांवरिया सरकार का

श्याम के प्रेमी आ गए खाटू श्याम से प्रेम बढ़ाने को
रंग लगाने सांवरिया को श्याम रंग रंग जाने को
आता है जब फागण तो मन मचले लखदातार का
हो आया रंग रंगीला फागण मेरे सांवरिया सरकार का

जगह जगह पंडाल सजे हैं भजनो की झनकार है
रंग अबीर के संग में हो रही इत्तर की बौछार है
नशा चढ़ा ऋषिका को कुंदन सांवरिये के प्यार का
हो आया रंग रंगीला फागण मेरे सांवरिया सरकार का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a3-by-rishika-thakur/